हिन्दुस्तान टीम,रामपुर ● Published By: Newswrap
Tue, 26 Oct 2021 05:31 PM

खूंटाखेड़ा और अलीगंज बेनज़ीर में बांटे सेनेटरी पैड

रामपुर। अनानके फाउंडेशन ने खुंटाखेड़ा और अलीगंज बेनज़ीर में मंगलवार को सेनेटरी पैड के 500 पैकेट बांटे। फाउंडेशन ने विशेष रूप से दिहाड़ी मजदूरों, झुग्गीवासियों, ठेका श्रमिकों, प्रवासियों और आर्थिक रूप से गरीब परिवारों कि महिलाओं और लड़कियों पर ध्यान केंद्रित किया। अनानके फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष डा. मालिनी सबा कहती हैं कोविड -19 के समय में मासिक धर्म और इससे जुड़ी स्वच्छता चर्चाएं कम हो गई है। इस मौके पर तुशिका अग्रवाल, हरमीत सिंह, शिवम् शर्मा, नज़मा खान, प्रभल प्रभात, कार्तिक सक्सेना आदि मौजूद रहे ।